Gk का डोज Set-2

1. निम्नलिखित में से किस एक प्रकार की तरंगों का प्रयोग रात्रि दृष्टि उपकरण में किया जाता है?

a) रेडियों तरंग

b) सूक्ष्म तरंग

c) अवरक्त तरंग

d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

विस्तृत जानकारी-

- ✓ अवरक्त तरंग विधुत चुम्बकीय तरंगों का एक प्रकार है।
- ✓ इनकी तरंग दैर्ध्य दृश्य प्रकाश से अधिक होती है।
- ✓ इनका प्रयोग लक्ष्य ढूंढने, निरीक्षण, रात्रि दृष्टि आदि के लिए सैनिकों द्वारा किया जाता है?

Trishant Academy

2. जब दो लोग आपस में बात करते हैं तब कितने डेसिबल ध्वनि उत्पन्न होती है?

a) लगभग 5 डेसीबल

b) लगभग 10 डेसिबल

c) लगभग 5 डेसिबल

d) लगभग 100 डेसिबल

विस्तृत जानकारी-

ध्वनि के स्रोत	तीव्रता (डेसिबल में)
फुसफसाहट	15-20
साधारण बातचीत	30-60
गुस्से में बात चीत	70-80
ट्रक कारखानें	90-95
यंत्र कारखाने	100-110
आर्केस्ट्रा	110-120
जेट	140-150

Trishant Academy

3. सती प्रथा का प्रथम अभिलेखिक साक्ष्य प्राप्त हुआ है?

a) एरण से

b) जूनागढ़ से

c) मंदसौर से

d) सांची से

विस्तृत जानकारी-

✓ सती प्रथा का प्रथम अभिलेखिक साक्ष्य एरण से प्राप्त हुआ है।

✓ यह अभिलेख 510ई. का है जिसमे गोपराज नामक सेनापति की स्त्री के सती होने का अल्लेख है।

Trishant Academy

4. रक्त होता है?

a) एक संयोजी ऊतक

b) एक उपकलित ऊतक

c) उपर्युक्त दोनों

d) उपर्युक्त मे से कोई नही

विस्तृत जानकारी-

- ✓ रक्त एक तरल सयोंजी ऊतक है।
- ✓ रक्त वाहिनियो में प्रवाहित होने वाला यह गाढ़ा, कुछ चिपचिपा, लाल रंग का द्रव्य एक जीवित ऊतक है।

Trishant Academy

5. भारत में इंग्लैण्ड का कौन-सा दूत जहांगीर के पीछे अजमेर से मांडू आया?

a) क्लाइव

b) थॉमस रो

c) लार्ड एस्टर

d) क्लाश्ध

विस्तृत जानकारी-

- ✓ थामस रो मुगल दरबार में 1616 ई. में आया।
- ✓ उसे बादशाह के साथ मांडू, अहमदाबाद, अजमेर जैसे अनेक स्थानों पर जाने का अवसर मिला।
- ✓ वह बादशाह के साथ शिकार खेलने भी गया था।

Trishant Academy

6. ईस्ट इंण्डिया कंपनी ने जहांगीर के दरबार में पहले निम्न में से किसे भेजा था?

a) सर थामस रो

b) वास्कोडिगामा

c) हॉकिंस

d) जॉब चार्नाक

विस्तृत जानकारी-

- ✓ विलियम हॉकिंस जहांगीर के दरबार में भेजा जाने वाला ब्रिटिश राजा जेम्स प्रथम का अंग्रेज राजदूत था।
- ✓ मुगल दरबार में उपस्थित होने वाला पहला अंग्रेज था।
- ✓ यह शाही दरबार में 3 वर्ष तक रहा।
- ✓ सम्राट जहाँगीर ने हॉकिंस को "इंग्लिश खाँ" की उपाधि देकर आर्मीनिया की एक स्त्री से उसका विवाह कर दिया।

7. दिल्ली सल्तनत का सर्वाधिक विद्वान शासक जो खगोलशास्त्र, गणित एवं आयुर्विज्ञान सहित अनेक विद्याओं में माहिर था?

a) इल्तुतमिश

b) अलाउद्दीन खिलजी

c) मुहम्मद बिन तुगलक

d) सिंकंदर लोदी

विस्तृत जानकारी-

✓ दिल्ली सल्तनत के सभी सुल्तानों में मुहम्मद बिन तुगलक (1325-1351) सर्वाधिक विद्वान एवं शिक्षित शासक था।

✓ वह खगोलशास्त्र, गणित एवं आयुर्विज्ञान सहित अनेक विधाओ में निपुण था।

8. स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति थे?

a) उत्तर प्रदेश से

b) आंध्र प्रदेश से

c) बिहार से

d) तमिलनाडु से

विस्तृत जानकारी-

- ✓ स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद थे।
- ✓ वह संविधान सभा के अध्यक्ष भी थे।
- ✓ डॉ. राजेंद्र प्रसाद बिहार राज्य से थे।

Trishant Academy

9. निम्नलिखित स्थानो में तांबा कहाँ पाया जाता है?

a) केसली (मंडला)

b) डल्लीराजहरा (दुर्ग)

c) बैलाडिला (बस्तर)

d) मलाजखण्ड (बालाघाट)

विस्तृत जानकारी-

✓ भारत में तांबा का सर्वाधिक उत्पादन मध्य प्रदेश राज्य में होता है।

✓ मलाजखंड (बालाघाट), मध्य प्रदेश का प्रमुख तांबा उत्पादक क्षेत्र है।

10. भारत में सबसे कम वर्षा वाला स्थान है?

a) लेह

b) बीकानेर

c) जैसलमेर

d) तेरापूंजी

विस्तृत जानकारी-

- ✓ लेह-9.20 सेंमी (देश भर में सबसे कम)
- ✓ बीकानेर-24.30 सेंमी
- ✓ जैसलमेर-10 सेंमी
- ✓ चेरापूंजी-1100 सेंमी
- ✓ मासिनराम-1148 सेंमी (सबसे अधिक वर्षा वाला स्थान)

Trishant Academy

11. अन्तर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस मनाया जाता है?

a) 10 दिसम्बर को

b) 30 जनवरी को

c) 02 अक्टूबर को

d) 23 मार्च को

विस्तृत जानकारी-

✓ अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस 2 अक्टूबर को महात्मा गाँधी के जन्म दिन के अवसर पर मनाया जाता है।

✓ 15 जून 2007 के दिन संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रत्येक वर्ष 2 अक्टूबर, के दिन को अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रुप में मनाने का निर्णय लिया था।

Trishant Academy

12. “Doctors without Borders” है?

a) विश्व स्वास्थ्य संगठन का एक प्रभाग

b) यूरोपीय संघ द्वारा प्रायोजित एक अन्तः सरकारी एजेंसी

c) एक गैर सरकारी अंतर्राष्ट्रीय संगठन

d) संयुक्त राष्ट्र की एक विशिष्ट एजेंसी

विस्तृत जानकारी-

- ✓ Doctors without Borders एक गैर-सरकारी अंतर्राष्ट्रीय संगठन है।
- ✓ इसकी स्थापना दिसंबर 1971 में फ्रांस में की गई थी।
- ✓ इसका मुख्यालय जेनेवा में है।
- ✓ इस संस्था का उद्देश्य जाति, धर्म, पंथ या राजनीतिक प्रतिबद्ध के बिना प्राकृतिक या मानव निर्मित आपदाओं एवं सशस्त्र संघर्ष से पीड़ितों की सहायता करना है।
- ✓ इस संस्था को वर्ष 1999 में शांति का नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया था।

Trishant Academy

13. तास कहां की समाचार एजेंसी है?

a) जर्मनी

b) फ्रांस

c) रुस

d) ईरान

विस्तृत जानकारी-

- ✓ तास पूर्व सोवियत संघ रुस की समाचार एजेंसी थी।
- ✓ सोवियत संघ के विघटन के पश्चात इसे वर्ष 1992 में "इनफांर्मेशन टेलीग्राफ एजेंसी आफ रुस" में समाहित कर दिया गया।

Trishant Academy

14. भारत के किस राज्य में सर्वप्रथम महिला मुख्यमंत्री हुई?

a) उत्तर प्रदेश

b) बिहार

c) तमिलनाडु

d) दिल्ली

विस्तृत जानकारी-

✓ सुचेता कृपलानी भारत के किसी भी राज्य की मुख्यमंत्री बनने वाली पहली महिला थीं।

✓ वे 1963 में उत्तर प्रदेश राज्य की मुख्यमंत्री बनी थीं।

Trishant Academy

15. निम्नलिखित युद्धो में सें किस एक में बाबर ने “जेहाद” की घोषणा की थी?

a) पानीपत का युद्ध

b) खानवा का युद्ध

c) चन्देरी का युद्ध

d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

विस्तृत जानकारी-

- ✓ बाबर ने खानवा के युद्ध में जेहाद की घोषणा की थी।
- ✓ खानवा का युद्ध 17 मार्च 1527 को बाबर और राणा सांगा के बीच हुआ था।
- ✓ इस युद्ध में राणा सांगा पराजित हुआ।
- ✓ इसी युद्ध में विजय मिलने के उपराऩ्त बाबर ने “गाजी” की उपाधि धारण की।

16. निम्नलिखित मध्ययुगीन शासकों में सें कौन एक उच्च शिक्षित था?

a) बलबन

b) अलाउद्दीन खिलजी

c) इब्राहिम लोदी

d) शेरशाह सूरी

विस्तृत जानकारी-

✓ शेरशाह सूरी ने जौनपुर में औपचारिक शिक्षा प्राप्त किया था।

✓ जो उस समय उच्च शिक्षा का महत्वपूर्ण केंद्र था।

Trishant Academy

17. किस चिश्ती संत के दरगाह पर अकबर दर्शन हेतु अधिक जाता था?

a) मुइनुद्दीन चिश्ती

b) शेख नसीमुद्दीन चिराग-देहलवी

c) कुतुबुद्दीन बख्तियार काकी

d) शेख फरीद संज-ए-शकर

विस्तृत जानकारी-

- ✓ अकबर ने सूफी मत मे अपनी आस्था जताते हुए चिश्चिया संप्रदाय को समर्थन दिया था।
- ✓ वह ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती की अजमेर स्थित दरगाह पर दर्शन हेतु अक्सर जाता था।
- ✓ इसके अतिरिक्त वह समकालीन सूफी संत शेख सलीम चिश्ती के दर्शन हेतु अक्सर सीकरी भी जाया करता था।

Trishant Academy

18. परमाणु बम का सिद्धान्त आधारित है?

a) नाभिकीय संलयन पर

b) नाभिकीय विखंडन पर

c) उपर्युक्त दोनो पर

d) उपर्युक्त किसी पर नही।

विस्तृत जानकारी-

- ✓ परमाणु बम का सिद्धान्त नाभिकीय विखंडन पर आधारित है।
- ✓ जबकि हाइड्रोजन बम का सिद्धान्त नाभिकीय संलयन पर आधारित है।

Trishant Academy

19. लाल रक्त कणिकाएं मुख्यतया बनती है?

a) यकृत में

b) गुर्दे में

c) ह्रदय में

d) अस्थि मज्जा में

विस्तृत जानकारी-

- ✓ लाल रक्त कणिकाएंश्वसन अंगोंसे आक्सीजन लेकर शरीर में पहुंचाने का कार्य करती है।
- ✓ लाल रक्त कणिका अस्थि मज्जा में विकसित होती है।
- ✓ मनुष्य के शरीर में 100-120 दिनो तक प्रसारित होती रहती है।

Trishant Academy

20. मानव शरीर में पाचन का अधिकांश भाग किस अंग में सम्पन्न होता है?

a) पैंक्रियास

b) बड़ी आंत

c) छोटी आंत

d) आमाशय

विस्तृत जानकारी-

- ✓ मानव शरीर में पाचन (Digestion) अधिकांश भाग छोटी आंत में सम्पन्न होता है।
- ✓ भोजन का पाचन मनुष्य में मुंह से होकर बड़ी आंत तक चलता रहता है।

Trishant Academy